वर्ष – 1| अंक – 8 | जून 2021

E-News Letter

वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने

# रतलाम
नगर पालिक निगम

VACCINE
COVID-19

# कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान का शुभारंभ

## वार्ड वार सेन्टर पर लगेगी कोरोना वैक्सीन
## 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को लगेगी वैक्सीन

**18 जून।** रतलाम नगर में शत-प्रतिशत कोरोना वैक्सीनेशन किये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार 21 जून सोमवार से कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान की शुरूआत की गयी



नगर के 18 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों को बिना रजिस्ट्रेशन व स्लॉट बुकिंग के वैक्सीन लगाये जाने हेतु शहर के प्रत्येक वार्ड में वैक्सीन केन्द्र स्थापित किये गये है जिसमें प्रात: 9 बजे से कोरोना की वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जायेगी।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे नागरिक जिन्होने कोरोना का पहला टीका नहीं लगवाया है वे बिना रजिस्ट्रेशन व स्लॉट बुकिंग के अपने वार्ड के वैक्सीनेशन सेंटर पर आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाये।

वार्डवार बनाये वैसीनेशन सेन्टरों के तहत वार्ड क्रमांक 1 कंकू मंत्रम मैरिज हाल , गांधीनगर, वार्ड क्रमांक 2 रामकला सभागृह , लक्ष्मणपुरा, 3 राठौर समाज धर्मशाला , जवाहर नगर, 4 महर्षि दयानदं वैदिक विद्यालय , 5 गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर, 6 मॉर्निंग स्टार स्कूल , इंदिरा नगर, 7 कम्युनिटी हाल , अलकापुरी, 8 संत नामदेव पब्लिक स्कूल , विनोबा नगर, 9 साई एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड ,रत्नपुरी, 10 सिंधु गूरूद्वारा , मोहन नगर, 11 बोधी स्कूल , डोंगर नगर, 12 सुमगंल गार्डन , कस्तुरबा नगर, 13 सिद्धेश्वर वाटिका , सिखवाल नगर, 14 सरस्वती स्कूल

काटजू नगर, 15 मांगलिक भवन , सुभाषनगर, 16 काश्यप सभागृह , सागोद रोड़, 17 उत्कृष्ठ स्कूल , सागोद रोड़, 18 शांति निकेतन , टाटानगर, 19 राधाकृष्ण माघ्यमिक विद्यालय , दिनदयाल नगर, 20 सरस्वती स्कूल , अमृतसागर, 21 नरसिंह वाटिका , सिलावटों का वास, 22 मानस भवन , मोतीनगर, 23 ज्योति कान्वेन्ट स्कूल , बालाजी नगर, 24 सब्जीफरोश जमातखाना , सायर चबुतरा, 25 सगरवंशी माली समाज धमर्शला , मालीकुंआ, 26 संत मीरा स्कूल , थावरिया बाजार, 27 जमातखाना , शेरानीपुरा, 28 मांगलिक भवन , दिलीपनगर, 29 डीआरपी लाइन , आनंद कॉलोनी, 30 काजीखान मस्जिद , जावरा रोड़, 31 शासकीय प्रा.स्कूल , डोसीगॉव, 32 उजाला पैलस , स्टेशन रोड़, 33 लायसं हाल , पावर हाउस रोड़, 34 रंगोली , गीता मंदिर रोड़, 35 मेंहदी कुई बालाजी , नगर निगम, 36 धर्मशाला , कालिका माता, 37 लॉ कॉलजे , आनंद कॉलोनी



38 जमातखाना , शेरानीपुरा, 39 शा.कला एवं विज्ञान, 40 कन्या विद्यालय , कोठारी वास 41 शा. हा.से.स्कूल , माणक चौक, 42 मोहन टाकीज, 43 माहेश्वरी धर्मशाला , कसारा बाजार 44 बोहरा कम्युनिटी हाल , बोहरा बाखल, 45 जाट धर्मशाला , सुतारो का वास, 46 आईएमए हाल , राजेन्द नगर, 47 मदरसा तालीमुल कुरआन , नयापुरा हाट रोड़, 48 सूरजहाल , वेदव्यास कॉलोनी, 49 सिखवाल समाज धर्मशाला , ब्राम्हणों का वास, 50 डीआरएम आफिस , दो बत्ती ( स्पेशल कैम्प ), 51 न्य कलेक्टे्ट्र , महू रोड़ (सिर्फ शासकीय कर्मचारी ), 52 घटला रेल्वे हास्पिटल ( सिर्फ रेल्वे कर्मचारी व परिवार ) व 53 इप्का ( इप्का के कर्मचारियों के लिये) पर वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये है।

# कोरोना टीकाकरण महाअभियान में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए टीका लगवाया

21 जून । राज्य शासन द्वारा संचालित टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ 21 जून से हुआ। प्रातः 9 बजे से ही नगर के सभी वैक्सीनेशन सेंटरों पर अस्पताल का स्टाफ अपनी वैक्सीन लेकर पहंच चुके थे, उसके बाद जैसे जैसे समय बढ़ता गया ,वैसे वैसे लोग अपने अपने घरों से निकलकर अपने वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे अपना वैक्सीनेशन करवाया । टीकाकरण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कार्य हो सके, इसके लिए जिला मुख्यालय पर 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। नगर के प्रत्येक वार्ड में स्थापित इन केन्द्रो पर युवाओ, बुजुर्गो महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए वैक्सीनेशन कराया। शहर में कई टीकाकरण केंद्रों पर रंगीन गुब्बारो, फुलो की लड़ियों से सुंदर सजावट की जाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया। कई केंद्रों पर टीका लगाने आने वाले व्यक्तियों का पुष्पहारो से स्वागत किया गया। लोगों का टीकाकरण होने के बाद उन्हें लगने वाले डोज की जानकारी दी गई एवं दूसरी डोज कब लगनी है , की भी जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही बुखार आने की स्थिति में पेरासिटामोल टेबलेट का वितरण भी वैक्सीनेशन सेंटर से किया गया।



रतलाम शहर के उजाला पैलेस स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर शहर विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मोती नगर स्थित टीकाकरण केंद्र का कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम, रतलाम, श्री कुमार पुरुषोत्तम पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी व एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत ने निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी इसके अलावा निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व ने संत टीकाकरण केन्द्रों पर जाकर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया व टीकाकरण केन्द्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।



टीकाकरण कराने वाले ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के बाद हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा निशुल्क टीकाकरण कराया जा रहा है , इसके लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है। उन्होने जिलेवासियो से भी अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण महाअभियान ३० जून तक चलाया जा रहा है। कोविड १९ से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग टीकाकरण कराए, तभी हम परिवार, समाज, जिला एवं प्रदेश को सुरक्षित रख पायेगे।

E-News Letter

वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने

रतलाम
नगर पालिक निगम

VACCINE
COVID-19

# कोरोना वैक्सीनेशन में रतलाम बनेगा नम्बर-1

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली बैठक

## नगर में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के दिये निर्देश

22 जून। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कहा कि इस महाभियान में सभी एकजुट होकर पुरी ईमानदारी से कार्य करेंगे तो निश्चित ही रतलाम नगर वैक्सीनेशन में नम्बर वन बनेगा।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि नगर में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाये जाने हेतु निगम के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को इस महाअभियान में जुड़कर नागरिकों को वैक्सीनेशन हेतु जागरूक कर वैक्सीनेशन सेंटर पर लाना होगा। उन्होने कहा कि यह कार्य मानव हित का होकर पुण्य कार्य है इसलिये सभी अपने-अपने क्षेत्रों व घरों के आसपास वैक्सीनेशन से वंचित नागरिकों को जागरूक करें हमें एक भी नागरिक को वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रखना है। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि बुधवार को २६ वैक्सीनेशन सेंटरो पर किये जाने वाले वैक्सीनेशन कार्य की कार्ययोजना तैयार कर लें ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को वैक्सीनेशन लगाई जा सकें।बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया प्रचार रथ के माध्यम से पुरे शहर में वैक्सीनेशन का प्रचार किया जाये साथ ही निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से भी वैक्सीनेशन का प्रचार-प्रसार किया जाये इसके अलावा नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे व वैक्सीनेशन सेंटरों को रांगोली से सजाया जाये।

E-News Letter

वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने

# रतलाम
## नगर पालिक निगम

VACCINE
COVID-19

## निगम आयुक्त व एसडीएम द्वारा वैक्सीनेशन सेंटरो का निरीक्षण

## जागरूकता रथ के माध्यम से नागरिकों से वैक्सीन लगवाने हेतु किया जागरूक

## दुपहिया वाहनों पर "मैं वैक्सीनेटेड हूँ" के लगाये स्टीकर

23 जून। रतलाम नगर में शत-प्रतिशत कोरोना वैक्सीनेशन किये जाने हेतु नगर में बनाये गये 26 वैक्सीनेशन सेन्टरों की व्यवस्थाओं का जायजा निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत के साथ लिया व टीकाकरण केन्द्रों पर सोशल डिर्स्टेसिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।





प्रातः 9 बजे से ही नगर के सभी 26 वैक्सीनेशन सेंटरों पर अस्पताल का स्टाफ अपनी वैक्सीन लेकर पहंच चुके थे, उसके बाद जैसे जैसे समय बढ़ता गया ,वैसे वैसे लोग अपने अपने घरों से निकलकर अपने वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे अपना वैक्सीनेशन करवाया।





टीकाकरण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिक अपना वैक्सीनेशन करवाये इस हेतु नगर निगम द्वारा तैयार किये गये जागरूकता रथ (बग्गी) से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को वैक्सीन लगवाने हेतु जागरूक किया। जागरूकता रथ (बग्गी) के माध्यम से जागरूकता संदेश दिये जा रहे थे वहीं बच्चो ने भी वैक्सीनेशन के महत्व को दर्शाया।

त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो पहिया वाहनों के चालकों का वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट चेक कर उनके वाहनों पर ''मै वैक्सीनेटेड हूँ'' के स्टीकर लगाये ताकि अन्य नागरिक भी वैक्सीनेश हेतु जागरूक हो। उक्त अवसरों पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी, श्री कपील मारोठिया, झोन प्रभारी श्री विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

# कोविड अनुकूल व्यवहार स्वंय भी करें व ग्राहकों से भी करवायें

## व्यापारिक प्रतिष्ठान व दुकानदारों की निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली बैठक



**30 जून।** माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोविड अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने व्यापारिक संघों, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा दुकानदारों की बैठक निगम सभागृह में लेकर आव्हान किया कि कोविड अनुकूल व्यवहार स्वंय भी करें व ग्राहकों को भी कराये।

आयोजित बैठक में बताया कि कोविड-१९ की दूसरी लहर के पश्चात् विगत दिनों में कोविड-१९ के प्रकरणों के प्रकरणों में कमी आई है। इसके परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की सुविधा की ष्टि से कोरोना कर्फ्यू हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कोविड-१९ का प्रकोप पुन: महामारी के रूप में ना फैलें इसके लिये सभी नागरिकों से कोविड अनुकूल व्यवहार अपेक्षित है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि रतलाम नगर में सभी की भागीदारी से कोरोना कन्ट्रोल में है, कोविड-१९ का प्रकोप पुन: महामारी के रूप में ना फैलें इस हेतु सभी व्यापारिक संघ, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार स्वंय भी करें व ग्राहकों को भी कराये। उन्होने आव्हान किया कि दुकानों में प्रवेश के लिए ग्राहकों की सीमित संख्या रखें, बिना मास्क के प्रवेश वर्जित करें, कूपन सिस्टम लागू करें, सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन करें, भोजन, नाश्ता, दूध, मिठाई आदि की होम डिलीवरी करें। सघन बाजारों में सीमित संख्या में प्रवेश का पर्यवेक्षण व्यापारिक संघो द्वारा स्वंय किया जाये।

# नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है।



25 जून शुक्रवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 61805, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20440, काम्पेक्टर गीला कचरा 16100 व कन्टेटमेंट मैजिक से 2995 किलो इस तरह कुल 101340 कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

26 जून शनिवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 48055, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23245, काम्पेक्टर गीला कचरा 15000 व कन्टेटमेंट मैजिक से 1140 किलो इस तरह कुल 87440 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

27 जून रविवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 39815, काम्पेक्टर सूखा कचरा 13550, काम्पेक्टर गीला कचरा 8210 व कन्टेटमेंट मैजिक से 1105 किलो इस तरह कुल 62680 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

28 जून सोमवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 47025, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18145, काम्पेक्टर गीला कचरा 11005 व कन्टेटमेंट मैजिक से 2430 किलो इस तरह कुल 78605 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

29 जून मंगलवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 65735, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23445, काम्पेक्टर गीला कचरा 15470 व कन्टेटमेंट मैजिक से 2835 किलो इस तरह कुल 107485 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

30 जून बुधवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 39585, काम्पेक्टर सूखा कचरा 19835, काम्पेक्टर गीला कचरा 12345 व कन्टेटमेंट मैजिक से 1465 किलो इस तरह कुल 73230 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

# निगम आयुक्त श्री झारिया की उपस्थिति में दिया फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन का प्रेजेन्टेशन

04 जून । फाईलों की ट्रेकिंग किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा तैयार करवाये गये ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन का प्रेजेन्टेशन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर श्री शैलेन्द्र पटेल ने नगर निगम के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटरों को दिया।



नगर निगम द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यो की फाइलों पर निगरानी रखे जाने हेतु कि फाईल विभागीय लिपिक द्वारा कब तैयार की गई, तैयार फाईल विभागीय अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई, विभागीय अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई आदि कार्य को निगम आयुक्त श्री झारिया ने गुड गर्वनेस में लेते हुए ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम तैयार करवाया गया।

इंदौर के श्री पटेल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेजेन्टेशन देते हुए बताया कि ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम एप्लीकेशन को मोबाईल, लेपटॉप, डेस्कटॉप व टेबलेट में डाउनलोड किया जाकर फाईल दर्ज की जा सकती है इस हेतु विभाग प्रमुख, फाईल चलाने वाले लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर आदि के द्वारा ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन के माध्यम फाईलें पंहूचाना होगी जिसकी संपूर्ण जानकारी ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन पर देखी जा सकती है कि फाईल वर्तमान में किस अधिकारी या लिपिक के पास है। श्री पटेल ने ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन किस प्रकार डाउनलोड करना है तथा किस प्रकार चलाना है का प्रशिक्षण विस्तृत रूप से दिया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि नगर निगम में ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम लागू होने से फाईलों के मूवमेंट में वृद्धि होकर कार्य तेजी से हो सकेंगे व पेडेंसी नही होगी। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी फाईलों के बारे में गलत जानकारी नहीं दे सकेगा।



फाईल चलाने हेतु ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के नाम व मोबाईल नम्बर दर्ज रहेंगे जिससे यह पता चल सकेगा कि वर्तमान में फाईल किसके पास है। उच्च अधिकारी व विभागीय अधिकारी ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन में यह देख सकेंगे कि आज मेरे पास कितनी फाईले आई है। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, श्री अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल के अलावा सर्वश्री बी.एल. चावरे, बलवंत राठौर, राजेन्द्र राठौड़, कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, कैलाश गेहलोत, राजेन्द्रसिंह गेहलोत, सुनील कपूर, अनिल खरे सहित विभागीय अधिकारी, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटर उपस्थित थे।



रतलाम
नगर पालिक निगम
वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने


# वेबकास के स्टेट टीम लीडर श्री उदय रोमन द्वारा सीवरेज कार्यो का निरीक्षण

## सीवरेज के अंतिम चरण के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किये जायें

### निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देष वेबकास, रेलवे, सेतु निगम के अधिकारियों से की चर्चा

16 जून। सीवरेज की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के तहत अंतिम चरण के कार्यो को शीघ्र पुरा किये जाने हेतु विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप व कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वेबकास के स्टेट टीम लीडर श्री उदय रोमन के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यो का निरीक्षण किया।



रतलाम शहर में सीवरेज कार्य शीघ्र कराये जाने व कार्य में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु नगरीय प्रशासन विकास के प्रमुख अभियंता द्वारा वेबकास के स्टेट टीम लीडर श्री उदय रोमन को रतलाम भेजा गया। श्री रोमन द्वारा श्री झारिया के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यो को देखा व कार्य में कमी व कठिनाईयों को दूर करने हेतु निरीक्षण उपरान्त वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियो की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर श्री आलोक श्रीवास्तव से चर्चा की कि रेलवे इंस्टीव्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक २५० मीटर, महू रोड बस स्टैण्ड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से १५० मीटर, डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र १७०० मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तुरबा नगर तक ८५० मीटर पाईप लाईन बिछाया जाना शेष है जिसे शीघ्र पुरा किया जाकर नगर को गन्दे पानी की समस्या से मुक्त किया जाना है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे के वरिष्ठ कार्यालय व वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर भूमि उपयोग शुल्क का आंकलन कर नगर निगम को प्रेषित करेंगे व नगर निगम द्वारा शुल्क जमा कराये जाने के बाद कार्य की अनुमति दी जायेगी।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने श्री श्रीवास्तव को बताया कि महू रोड बस स्टैण्ड रेलवे पुलिया से पाईप लाईन निकाले जाने हेतु नगर निगम द्वारा 60,88,525 की राशि रेलवे को जमा करा दी गई है। सुभाष नगर ब्रीज से हाट की चौकी चौराहा तक सीवरेज पाईप लाईन डालने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सेतु निगम के एस.डी.ओ. श्री आर.के. गुप्ता ने बताया कि उक्त क्षेत्र के भवन हटाये जाने के पश्चात सीवरेज लाईन डाले जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराई जायेगी भवन स्वामियों को भवन तोड़ने हेतु २ माह पूर्व ही नोटिस दिया जा चुका है यदि वे स्वंय भवन को नहीं गिराते हैं तो सेतु निगम द्वारा भवनों को गिराया जायेगा।

आयोजित बैठक में बताया गया कि खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूर्ण है व कुछ दिनों में प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर बताया गया कि नगर में अब तक 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किये जा चुके हैं शेष कनेक्शन शीघ्र पूर्ण किये जायेंगे ताकि ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े क्षेत्रों के 100 प्रतिशत घरो का गन्दा पानी प्लांट में आये व उस पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर पानी को रीयूज में लाया जा सकें।

## राजीव गांधी सिविक सेन्टर के साथ त्रिपोलिया गेट पर चल रहा है दीनदयाल रसोई केन्द्र




२५ जून। नगर निगम द्वारा राजीव गांधी सिविक सेन्टर के साथ त्रिपोलिया गेट पर संचालित दीनदयाल रसोई योजना केन्द्र भी १८ जून शुक्रवार से पुनः प्रारंभ किया गया है जिसमें हितग्राही १० रूपये में भोजन कर सकते है। ज्ञातव्य है कि नगर निगम द्वारा राजीव गांधी सिविक सेन्टर, त्रिपोलिया गेट व डॉ० अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर दीनदयाल रसोई केन्द्र संचालित किये जा रहे थे किन्तु कोरोना संक्रमण दर बढ़ने पर त्रिपोलिया गेट व डॉ० अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड के रसोई केन्द्रों को बंद कर दिया गया था सिर्फ राजीव गांधी सिविक सेन्टर के रसोई केन्द्र को चालू रखा गया था। कोरोना संक्रमण कम होने पर त्रिपोलिया गेट के रसोई केन्द्र को नगर निगम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

**नगर निगम द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे के मध्य त्रिपोलिया गेट दीनदयाल रसोई केन्द्र पर उपस्थित होकर निर्धारित दर पर भोजन करें।**

# कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा हनुमान ताल का निरीक्षण

## तालाब के सौंदर्यीकरण व शुद्धिकरण करने के दिये निर्देष

15 जून। बरबड़ रोड स्थित हनुमान ताल के सौंदर्यीकरण व शुद्धिकरण नगर निगम द्वारा किया जाना है इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया।







कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लम्बी पाल पर पैदल भ्रमण कर निर्देशित किया कि बांध पर जो स्लैब बना हुआ है वह काफी संकरा है यहां प्रातः घुमने आने वाले नागरिकों किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु स्लैब को चौड़ा कर रैलिंग लगाई जाये इस हेतु जलसंसाधन व नगर निगम मिलकर कार्य करेंगे। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि तालाब परिसर के सौन्दर्यीकरण व हरियाली से आच्छदित किये जाने हेतु तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में ५-५ मीटर की दूरी पर पौधे एवं घांस लगाये जाने का कार्य आमजन की सहभागिता के साथ 30 जून से 15 जुलाई के मध्य किया जाये। इस अवसर पर उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी को निर्देशित कि तालाब का सीमांकन किया जाये तथा सीमांकन पश्चात नगर निगम सीमांकन क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य करें साथ ही बंड भूमि पर किसी अन्य के द्वारा कोई अतिक्रमण तो नहीं किया है इसकी भी नपती की जाये।



इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि तालाब की पाल के अंदर व बाहर की ओर जो पेड़ है उनकी छंटाई करवाये जाने के साथ ही शेष अन्य झाड़ियों को हटाया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि हनुमान ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा सौन्दर्यीकरण किया जाना है इस हेतु जो भी कार्य करवाये जाने है शीघ्र प्रारंभ किया जाये।



उक्त स्थलों के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, जलसंसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री श्री एच.के. मालवीय, उपयंत्री श्री आर. जी. पाटीदार, लोक निर्माण विभाग, मत्सय विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# 4 लेन निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण निर्माण कार्य शीघ्र करने व रोटरी तथा ट्रॉफिक सिग्नल के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

**07 जून ।** नगर निगम दो बत्ती से काला घोड़ा तक निर्मित की जा रही 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी द्वारा निगम आयुक्त श्री झारिया के साथ निरीक्षण कर कार्य शीघ्रता व गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिये।





**कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम व पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी द्वारा निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन कर संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्रता के साथ गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करें साथ ही सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ करें**




कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री झारिया को चौराहों की रोटरी निर्माण तथा ट्रॉफिक सिग्नल का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि चौराहों पर आकर्षक रोटरी का निर्माण शीघ्र कराया जा सके साथ ही ट्रॉफिक सिग्नल लगाकर यातायात को सुगम बनाया जा सकें।

E-News Letter
वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने
रतलाम
नगर पालिक निगम
VACCINE COVID-19

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व 4 लेन निर्माण का निरीक्षण सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

## चारा जब्त कर गौशाला की गायों को खिलाया





08 जून। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में सफाई कार्य व दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन ४ लेन सड़क निर्माण कार्य पर सतत् निगरानी रखी जाकर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा प्रात: कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल के साथ दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया सड़क के एक ओर चल रहे सड़क निर्माण का कार्य ३ दिवस में पूर्ण करें तथा कार्य की तीव्रता के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर उन्होने स्ट्रॉम वॉटर निकासी हेतु पाईप उचित ढलान में डालने के निर्देश दिये ताकि बारिश के पानी के बहाव में सुगमता होकर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।


इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को निर्देशित किया कि नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो इस हेतु कार्ययोजना तैयार की जाये इसके अलावा घांस बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्देशित किया। त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने चारा विक्रय करने वालो को निर्देशित किया कि भविष्य में चारा विक्रय करते पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही कर ठेला व चारा जब्त कर लिया जायेगा। क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही तत्परता से की जाये इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।




# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

## आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किये व्यापक प्रबंध

30 जून। अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।






अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विशाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेश मेहता मो0 नं0 9629647211, शैरानीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेश व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है।




निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8, 8 घन्टे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई। इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाईन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर बिग्रेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।

## डेंगू का मरीज मिलने पर सफाई के साथ कराया कीटनाशक दवा का छिड़काव





30 जून। पीएण्डटी कालोनी क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिलने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई जाकर कीटनाशक दवा का भी छिड़काव करवाया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई इसके अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाकर मरीज के परिजनों को समझाईश दी कि वे पानी को एकत्रित कर उसे खुला ना छोड़े क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। रतलाम नगर के नागरिक डेंगू से ग्रसित ना हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे छत एवं घर के आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी न जमा होने दें, सप्ताह में एक बार अपने कूलर, बाल्टी, टब, टंकी आदि का पानी खाली कर इन्हे सुखा देवें, पानी के बर्तनों, टंकी आदि को ढंककर रखें, घर के आसपास के गढ्डों में पानी जमा ना होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें।

# 15 दिनों में सफाई व्यवस्था में अनिवार्य रूप से सुधार करें-कलेक्टर
## निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दिये निर्देश



08 जून। शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर व प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के ४९ वार्डो के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। उन्होने निर्देशित किया कि रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य करें व इसकी पुरी निगरानी जीपीएस से की जाये साथ ही वाहन के चालक व हैल्पर समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे व समय पर वाहन वार्डो में लेकर जायें।

बैठक में कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन से घर-घर से १०० प्रतिशत कचरा संग्रहण हो यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व झोन प्रभारी की है वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें। कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाये व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लेवें कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी देवें।



शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह से जानकारी लेकर कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि वे झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी व सफाई संरक्षकों पर कन्ट्रोल कर सफाई का कार्य लेवें। उन्होने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।





आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये जाने हेतु सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे 15 दिनों में अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था में आवश्यक रूप से सुधार कर लेंवे अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी के अलावा निगम अधिकारी सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, जसवन्त जोशी, सुभाष गोयल, रामचन्द्र शर्मा, सुहास पंडित, बी.एम. चौधरी, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, नितिन तिवारी, धर्मेन्द्र दोगाया, देवेन्द्र पुरोहित, पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा आदि उपस्थित थे।




# नगर के सभी 49 वार्डो में लगे वार्ड के कर्मचारियों की जानकारी के होर्डिंग्स

11 जून। नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी के फ्लेक्स होर्डिंग सभी ४९ वार्डो में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा लगाये गये।



कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम

वार्ड क्रं. 02 जोन क्रं. 01 हाजरी का स्थान नवजीवन मेडिकल लक्ष्मणपुरा रोड

वार्ड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की जानकारी

| क्रं. | नाम | पदनाम | मो.नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहन माँगीलाल | स्थाई कर्मचारी | 8269340461 |
| 2 | श्रीमती विमला रामलाल | स्थाई कर्मचारी | 9907229980 |
| 3 | श्रीमती शकुन्तला रामसिंह | स्थाई कर्मचारी | 9098467012 |
| 4 | श्रीमती निर्मला मोहन | स्थाई कर्मचारी | 8349062851 |
| 5 | श्री प्रहलाद रामस्वरूप | 30 दिवस कर्मचारी | 708948852 |
| 6 | श्रीमती ताराबाई बाबूलाल | 30 दिवस कर्मचारी | 9098467012 |
| 7 | श्रीमती सीमा विनोद | 30 दिवस कर्मचारी | 6264766675 |
| 8 | श्रीमती कान्ता मनोहर | 30 दिवस कर्मचारी | 9111861439 |
| 9 | श्री जितेन्द्र छोटेलाल | 30 दिवस कर्मचारी | 8817716322 |
| 10 | श्रीमती राधा हिम्मत | 30 दिवस कर्मचारी | 9098331661 |
| 11 | श्री सुनील मुन्नालाल | हाथ ठेला कर्मचारी | 9827368631 |
| 12 | श्री राजेश हरजी | 30 दिवस कर्मचारी | 8103489036 |
| 13 | श्री दुष्यन्त चन्द्रशेखर | गैंग कर्मचारी | 8817933363 |
| 14 | श्री हिम्मत रामसिंह | गैंग कर्मचारी | 9098331661 |
| 15 | श्रीमती विमलाबाई बाबूलाल | स्थाई कर्मचारी | 8349062851 |
| 16 | | | |
| 17 | | | |
| 18 | | | |

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डो में वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग लगवा दिये गये हैं ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कोविड अनुकूल व्यवहार करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानदारों को पुरूस्त किया जायेगा व कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी।

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निगम सचिव श्री जसवंत जोशी, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, दुकानदार व व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक सर्वश्री कमल कटारिया, सुरेन्द्र चत्तर, राजेश पटवा, जितेन्द्र देवानी, मोहनलाल मुरलीवाला, संजय पारख भगवानदास आदि उपस्थित थे।

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

## मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण




13 जून। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 13 जून को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 2 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई जिन्हे अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के 2 मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया।

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

| दिनांक | मरीजो को मेडिसिन किट का वितरण | मरीज के परिजनों मेडिसिन किट का वितरण |
|---|---|---|
| 01 जून | 10 | 22 |
| 02 जून | 10 | 16 |
| 03 जून | 07 | 14 |
| 04 जून | 04 | 13 |
| 05 जून | 02 | 03 |
| 06 जून | 13 | 17 |
| 07 जून | 07 | 14 |
| 08 जून | 05 | 04 |
| 09 जून | 05 | 11 |
| 10 जून | 05 | 04 |
| 11 जून | 03 | 07 |
| 12 जून | 04 | 09 |
| 13 जून | 05 | 04 |

# कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य






**१४ जून ।** कोविड-१९ (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में १ प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-१९ (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सकें।

# आयुष्मान कार्ड वार्डवार कॉमन सेन्टरों पर नि:शुल्क बनाये जा रहे है
## 2270 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये




24 जून । आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा ५ से २४ जून तक वार्डो के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्ड बनाने का कार्य ५ जून को ६७, 6 जून को 208, 7 जून को 155, 9 जून को 261, 11 जून को 164, 12 जून को 84, 13 जून को 112, 14 जून को 222, 15 जून को 284, 16 जून को 192, 17 जून को 57, 18 जून को 104, 19 जून को 90, 21 जून को 105, 22 जून को 75, 23 जून को 56, 24 जून को 34 हितग्राहियों के कार्ड बनाये गये इस तरह 19 दिनों में 2270 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम द्वारा आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड समय- सीमा में बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्डवार नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रोवाईडर के दलो का गठन किया है तथा कार्य के पर्यवेक्षण हेतु निगम के उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, को पाबंद किया गया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वार्डवार गठित दलों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर में युद्ध स्तर पर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाना है इस हेतु हितग्राही से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जावे, पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किये जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिये जावें।












# युद्ध स्तर पर चल रहा है नाले-नालियों की सफाई का कार्य














# नालो की सफाई का कार्य जारी

## नालो की सफाई उपरांत किया जा रहा है कीटनाशक दवा का छिड़काव

18 जून । वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाये का कार्य निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही नालो की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा राजीव नगर, पोरवाड़ो का वास, रिद्धी-सिद्धी रतलाम पब्लिक स्कूल के आगे, त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास व दिलीप नगर फाटक वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्रॉली व गैंग के माध्यम से किया गया व सफाई उपरान्त नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। इसके अलावा जिला चिकित्सालय की बावड़ी की सफाई का कार्य करवाया गया।









E-News Letter
वैक्सीन अवश्य लगवाये
मास्क जरूर पहने
रतलाम
नगर पालिक निगम
VACCINE
COVID-19

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा रात्रीकालिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

## खुले में कचरा डालने वाले दुकानदरों पर स्पॉट फाईन के दिये निर्देश

13 जून । नगर को साफ, स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रीकालिन सफाई करवाई जा रही है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल व स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह द्वारा किया गया।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने गत रात्री माणक चौक्, घांस बाजार, सायर चबुतरा रोड, नौलाईपुरा, रानीजी का मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाउस रोड से डी.आर.एम. ऑफिस तक करवाई जा रही रात्रीकालिन सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि नगर के व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रतिदिन रात्रीकालिन सफाई निरंतर जारी रखी जाये साथ ही सफाई उपरान्त निकलने वाले कचरे को यथा समय उठाया जाये।

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि व्यावसायिक क्षेत्रों में कई ऐसे दुकानदार हैं जो कि दुकान बंद करने के बाद अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को सड़कों पर डालकर शहर को गंदा करते है। गंदगी करने वाले ऐसे दुकानदरों पर लगाम लगाये जाने हेतु उन पर निगरानी रखी जाकर बडी राशि का स्पॉट फाईन किया जाये। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करते मवेशी पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को निर्देशित किया



# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण



17 जून। विधायक रतलाम शहर माननीय चेतन्य जी काश्यप, कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण कर सत्त निगरानी रखी जा रही है।



कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम कार्यालय की वर्कशॉप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट हेतु उपलब्ध भूमि पर शिफ्ट किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कच्चे स्थल पर मुरम डालकर समतलीकरण व रोलिंग करवाई जाये साथ ही गाड़ियों की सुरक्षा हेतु शेड का कार्य शीघ्र किया जाये।

इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने बंजली में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किये जाने पर अचार फेक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर संबंधित को नोटिस दिये जाने के निर्देश प्रदान किये साथ ही बंजली में आवंटित भूमि का सीमांकन किये जाने के साथ ही रोड व बिल्डिंग निर्माण का कार्य शीघ्र पुरा किये जाने के निर्देश दिये। टैंकर रोड पर चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निविदाकार के इंजीनियर व सुपरवाईजर को निर्देशित किया बारिश प्रारंभ होने वाली है इस हेतु सीवरेज का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो।



इससे पूर्व प्रात: निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो बत्ती पर निर्माणाधीन ४ लेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे की सड़क निर्माण का कार्य रविवार को लॉकडाउन होने से शनिवार रात्री से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड क्रमांक ३२ व ३४ में सफाई संरक्षकों की उपस्थिति स्थल पर कर्मचारियों के नाम के फ्लेक्स का अवलोकन करने पर पाया कि कई कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर दर्ज नहीं है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े को निर्देशित किया कि फ्लेक्स पर सभी कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर आवश्यक है जो कर्मचारी मोबाईल नम्बर नहीं देता है उसकी सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाये। कोर्ट तिराहे से फव्वारा चौक के निरीक्षण के दौरान ४ लेन सड़क के दोनो ओर कचरा, गंदगी व अस्थाई अतिक्रमण पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वंय उपस्थित रहकर फुटपाथ व नालियों की सफाई का कार्य करवाया गया व साथ ही अस्थाई

अतिक्रमण पाये जाने पर अतिक्रमण को हटवाया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया भविष्य में सड़क व फुटपाथ पर कचरा व गंदगी ना हो इसकी नियमित सफाई करवाई जाये साथ फुटपाथ पर अतिक्रमण करने व ठेला लगाकर फल सब्जी सहित अन्य सामग्री का विक्रय करने वाले फुटकर व्यापारियों का ठेला व सामान जब्त कर 5000, 5000 हजार का जुर्माना किया जाये।



उक्त निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, सिद्धार्थसोनी, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।



# कलेक्टर द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी के तहत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



17 जून। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कॉन्वेंट स्कूल तिराहे से आनन्द कालोनी तक निर्माणाधीन का सड़क का अवलोकन कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत व नगर निगम इंजीनियरों के साथ किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत १२ मीटर चौडाई की सड़क का निर्माण किया जाना है साथ विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप के निर्देशानुसार बच्चों की सुविधा के ष्टिगत सड़क के दोनो ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाना है।



उन्होने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर सड़क की 12 मीटर चौड़ाई के बराबर भूमि उपलब्ध है किन्तु आगे एक स्थान पर ३ मीटर पर एक स्थान ४ मीटर भूमि कम पड़ रही है। भूमि की कमी की पूर्ति हेतु उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल को अंदर की ओर शिफ्ट किया जाकर नये सिरे से सेम डिजाईन की बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के साथ विद्युत पोल भी शिफ्ट किये जाने है।

इस अवसर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने सड़क का पैदल अवलोकन कर सड़क की चौड़ाई की नपती करवाकर निर्देशित किया कि उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल शिफ्ट करने के पूर्व जहां से नवीन बाउण्ड्रीवॉल बनाना है वहां पतरों से फेसिंग की जाये साथ ही तोड़ी जाने वाली बाउण्ड्रीवॉल की डिजाईन अनुसार ही नवीन बाउण्ड्रीवॉल व सड़क निर्माण का कार्य साथ-साथ किया जाये ताकि कम समय में दोनों कार्य पूर्ण होकर नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो व उद्यान भी सुरक्षित रहे। उन्होने इस अवसर पर निर्देशित किया कि नवीन बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण का व्यय संबंधित आर्यवृत्त कम्पनी स्वंय वहन करेगी व निर्माण कार्य के दौरान कम से कम पेड़ कटे इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होने संबंधित कम्पनी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होकर उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

कालिका माता मंदिर के सामने वाले उद्यान के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि इस उद्यान को हैप्पनिंग गार्डन के रूप में विकसित किया जाये व नागरिकों के बैठने हेतु बैंच इत्यादि लगवाई जाये। इस हेतु कन्सलटेंट से कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जावें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, अर्बन डव्हलपमेंट के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री मिश्रा जी, आर्यवृत्त प्रोजेक्ट के इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

## पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को आज लगेगा कोरोना का टीका




16 जून । कोविड-19 (कोरोना) से बचाव हेतु नगर के पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को आज 17 जून गुरूवार को डीआरएम ऑफिस के आफिसर्स क्लब में टीके लगाये जायेंगे। कोरोना का टीका लगवाये जाने हेतु पंजी   त 1700 पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा दूरभाष पर सूचना भी दी गई है। नगर निगम द्वारा पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) से अपील की जाती है कि वे अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु आज 17 जून गुरूवार को डीआरएम ऑफिस के आफिसर्स क्लब में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से कोरोना का टीका लगवायें। 18+ द्वारा 45+ के पथ विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर) को टीका लगवाने लाने पर 18+ को बिना रजिस्ट्रेशन के टीका लगाया जायेगा।

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही प्रारंभ

30 जून। नगर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक चुस्त-दुरस्त बनाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रात: वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 व 11, विरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन व जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास के साथ कर सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 व 12 में पदस्थ सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निग आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह की वेतन वृद्धि रोके जाने झोन प्रभारी श्री विनय चौहान, वार्ड क्रमांक 8 व 9 की दरोगा मोनिका चौहान, वार्ड क्रमांक 11 के दरोगा श्री तरूण राठौड़ की परीविक्षा अवधि 6 माह बढ़ाये जाने, वार्ड क्रमांक 12 के दरोगा श्री अर्जून गौसर का 1 दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक १० का हाजरी रजिस्टर चेक करने पर 1 कर्मचारी को बिना आवेदन अवकाश देने पर वार्ड दरोगा श्री राजू कल्याणे व संबंधित कर्मचारी का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये।विरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि किसी भी कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा नहीं आये इसकी सुनिश्चित्ता की जाये साथ ही एक काम्पेटर में गीला व एक काम्पेटर में सुखा कचरा डाले जाने के निर्देश दिये इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का भी निरीक्षण किया गया।

# काला घोड़ा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शीघ्र प्रारंभ

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थल का निरीक्षण




09 जून । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक ४ लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा चल रहे ४ लेन निर्माण कार्य तीव्र गति से करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास व उपयंत्री श्री विकास मरकाम के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ४ निर्माण हेतु स्टेट बैंक की ओर कम भूमि है इस हेतु उन्होने स्टेट बैंक से पत्र व्यवहार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे ४ लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में २ लेन का निर्माण काला घोड़ा चौराहा से प्रारंभ करें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है





उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाये। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सड़क पर पानी ना रूके उस मान से ढलान दिया जाये इसके अलावा स्ट्रॉम वॉटर हेतु डाले जाने पाईप के ढलान व ज्वांईट का विशेष ध्यान रखा जाये।




निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से करें क्योंकि यह शहर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है चौराहे पर निर्माण के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया को अवगत कराया गया कि न्यू रोड क्षेत्र ड्रेनेज हेतु डाले जा रहे पाईप के बीच में विद्युत पोल आने से कार्य में रूकावट आ रही है निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर विद्युत पोल शीघ्र शिफ्ट किये जाने हेतु एमपीईबी को पत्र लिखे जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# मास्क की अनिवार्यता के लिये निगम ने निकाला फ्लैग मार्च

## कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगायें

## बगैर मास्क वाले 125 व्यक्तियों पर किया जुर्माना

26 जून । रतलाम शहर में पुनः कोरोना (कोविड-19) संक्रमण का फैलाव ना हो इस उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़के, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही कार्यवाही करते हुए मास्क उपलब्ध कराये।



फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला गया जिसमें निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही थी कि वे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर अपनी, अपने परिवार व आमजन की सुरक्षा करें इसमें किसी भी प्रकार की लापवरवाही ना बरतें।







निगम आयुक्त श्री झारिया ने नेतृत्व में फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से होते हुए कालेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, बजाजखाना, शहर सराय आदि स्थानों पर पंहूचा। इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाये जाने पर संबंधितों पर 100, 100 रूपये का जुर्माना कर मास्क प्रदान किये गये व भविष्य में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी रहेगी नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें।







इस दौरान सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी सर्वश्री किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित नगर निगम के कर्मचारी साथ थे।

# 5 दुकानें सील व 3 व्यक्तियों पर किया जुर्माना



01 जून। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में 01 जून दी गई छूट के विपरित 5 दुकानदारों द्वारा दुकाने खोलने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के गठित दल द्वारा सील किया गया। घांस बाजार क्षेत्र स्थित लुणावत मार्केट में 5 कपड़ा व्यापारियों द्वारा दुकान खोले जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा सील किया गया साथ ही त्रिपोलिया गेट रोड पर फिदा अली ब्रदर्स जनरल स्टोर द्वारा दुकान खोलने पर 5000, चेतन शर्मा सज्जन मिल रोड द्वारा गंदगी करने पर ५०० व सुनील बाफना पर 200 रूपये का जुर्माना किया गया।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

30 जून । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम ढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

30 जून । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से १०० प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

# 1011 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा
## स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

30 जून । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 30 जून तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1011 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 30 जून को तोपखाना, गौशाला रोड, हाट रोड, वेदव्यास कालोनी आदि क्षेत्रों से 7 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।




शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए०पी० सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

| दिनांक | पकड़े गए मवेशिओं की संख्या | दिनांक | पकड़े गए मवेशिओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 02 जून | 886 | 16 जून | 947 |
| 03 जून | 893 | 17 जून | 952 |
| 04 जून | 901 | 18 जून | 956 |
| 05 जून | 907 | 22 जून | 967 |
| 07 जून | 913 | 23 जून | 973 |
| 08 जून | 921 | 24 जून | 979 |
| 09 जून | 926 | 26 जून | 987 |
| 10 जून | 932 | 28 जून | 993 |
| 11 जून | 937 | 29 जून | 1003 |
| 14 जून | 942 | 30 जून | 1011 |

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

30 जून। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जून को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर कन्हैया रेस्टोरेंट, चेतन, राकेश, संजय तोपखाना, जय गुरु गुर्जर चांदनी चौक पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 21 ऐसे व्यक्ति जो बगैर मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाये जाने की समझाईश स्पॉट फाईन दल द्वारा दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष षिन्दे मो.नं. 9424075393,7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110,

# पलसोड़ा में नवीन वर्कशॉप परिसर होगा हरियाली से आच्छदित
## निगम आयुक्त श्री झारिया ने पौधा रोपण हेतु किया निरीक्षण



29 जून। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पलसोड़ा में नगर निगम के नवीन वर्कशॉप परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वन मण्डल अधिकारी श्री एम.एस. डोडवे के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

पलसोड़ा नगर निगम के नवीन वर्कशॉप परिसर में वन विभाग से इस वर्षाकाल में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि परिसर के अन्दर की ओर वृक्षारोपण किया जाना है इस हेतु उद्यान विभाग तीन दिवस में कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि वन विभाग की गाईड लाईन व तकनीकी सुपरविजन में परिसर में वृक्षारोपण किया जाकर भूमि को हरियाली से आच्छदित किया जा सकें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, डिप्टी रेंजर श्री परमार, उपयंत्री श्री मनीष तिवारी, श्री ब्रजेश कुशवाह, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।